


।। श्री गणेशाय नमः ।।

हिन्दी पाक्षिक Fortnightly

# बात हिन्दुस्तान की

BAAT HINDUSTAN KI

विक्रम संवत 2082 फाल्गुन द्वादशी, 16 -31 मार्च 2026 (16-31 MARCH 2026), वर्ष -5 (Year - 5), अंक - 22, पृष्ठ - 4, मूल्य - ₹2, (Price - 2/-)




## बंगाल में सबका साथ, सबका विकास और सबका होगा हिसाब : मोदी



बात हिंदुस्तान की, कोलकाता : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ममता बनर्जी सरकार व टीएमसी पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोलते हुए कहा कि घुसपैठियों की वजह से आज बंगाल की रोटी, बेटी व माटी तीनों पर सबसे बड़ा खतरा आया है।

विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले बंगाल दौरे पर आए पीएम ने कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड मैदान में भाजपा की मेगा परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए टीएमसी सरकार पर वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और चिंता व्यक्त की। मोदी ने कहा कि टीएमसी मां, माटी व मानुष के नारे पर 2011 में सत्ता में आई थी। आज वही मां यहां रो रही है, माटी को लूटा जा रहा है और बंगाली मानुष बंगाल छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं। इसका परिणाम आज सबके सामने है। बीते दशकों में बंगाल के ज्यादातर इलाकों में डेमोग्राफी बदल गई है और बंगाली हिंदुओं को अल्पसंख्यक बनाया जा रहा है।

पीएम ने कहा कि तुष्टीकरण का यहां ऐसा खुला खेल चल रहा है। टीएमसी हिंदुओं को अपना वोटबैंक नहीं समझती। इसलिए ये लोग एसआइआर का भी विरोध करते हैं ।ताकि घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हट न जाएं। यहां तक कि जो लोग मर गए हैं उनका भी नाम मतदाता सूची से निकालने को ये लोग तैयार नहीं है।पीएम ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम लिए बिना उनके हालिया एक बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि बंगाल के हिंदुओं को खुलेआम धमकी दी जा रही है कि एक समुदाय आपको कभी भी खत्म कर देंगे। पीएम ने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा करोड़ों बंगाली हिंदुओं को खत्म करने की धमकी वाली बात शोभा नहीं देती। हालांकि 48 मिनट के भाषण में पीएम ने ममता का एक बार भी नाम नहीं लिया।अपराध व भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरते हुए पीएम ने कहा कि टीएमसी सरकार गुंडों व अपराधियों की बैशाखी पर चलती है और उन्हें खुलेआम संरक्षण देती है। पीएम ने लोगों से परिवर्तन का आह्वान करते हुए कहा कि बंगाल से इस निर्मम सरकार व महाजंगलराज का अंत होकर रहेगा। टीएमसी की गुंडागर्दी के दिन व इस निर्मम सरकार के जाने का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। भाजपा की सरकार बनने पर एक तरफ हम सबका साथ सबका विकास का मंत्र लेकर चलेंगे और दूसरी तरफ सबका (टीएमसी संरक्षित हर अपराधी व अत्याचारी का) चुन-चुन कर हिसाब भी लिया जाएगा। बंगाल में कानून का राज लौटेगा। भाजपा सरकार में हर अपराधी, हर घुसपैठिए और तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों को खौफ होगा, क्योंकि कानून अपना काम करेगा। ऐसे लोगों को मुंह छिपाने की जगह नहीं मिलेगी।मोदी ने कहा कि टीएमसी सरकार खुलेआम दुष्कर्मियों को संरक्षण देती है, अपराधियों को बचाने की कोशिश करती है। संदेशखाली की वह तस्वीरें और टीएमसी का रवैया और आरजी कर अस्पताल की उस डाक्टर बेटी के साथ हुई दरिंदगी बंगाल के लोग भूले नहीं है। टीएमसी खुलेआम अपराधियों के साथ खड़ी नजर आती है। इसी मानसिकता का परिणाम है आज महिलाओं के खिलाफ एसिड अटैक जैसे घिनोने अपराध भी सबसे ज्यादा बंगाल में हो रहे हैं। बंगाल को ऐसे हालात मंजूर नहीं है। पीएम ने लोगों से भाजपा को एक मौका देने की अपील करते हुए विश्वास दिलाया कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित होंगी और अपराधी जेल में होंगे, यह मोदी की गारंटी है। पीएम ने रैली में उमड़े जनसैलाब की ओर इशारा करते हुए कहा कि यहां से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है। बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिख चुका है और लोगों के दिलों में भी छप चुका है। चुनाव से पहले भाजपा द्वारा बंगाल में एक से 10 मार्च तक आयोजित 5,000 किलोमीटर लंबी राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा का इस रैली के साथ समापन हुआ।


### राष्ट्रपति के अपमान का बदला लेंगे बंगाल के लोग

पीएम ने हाल में बंगाल दौरे पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रोटोकाल उल्लंघन के मुद्दे पर भी घेरा। मोदी ने कहा कि बंगाल की निर्मम सरकार में सबसे ज्यादा प्रताड़ित यहां के दलित, आदिवासी और गरीब लोग हैं। कुछ दिन पहले राष्ट्रपति बंगाल आईं थीं, लेकिन अहंकार में डूबी इस निर्मम सरकार ने न केवल उस कार्यक्रम का बहिष्कार किया बल्कि बदइंतजामी के हवाले कर दिया। टीएमसी वालों को याद रखना होगा कि उन्होंने करोड़ो आदिवासियों, महिलाओं और संविधान का अपमान किया है और देश के सर्वोच्च पद को ठेस पहुंचाई है। टीएमसी को इसका जवाब आगामी चुनाव में बंगाल के लोगों से मिलेगा।पीएम ने कहा कि कोलकाता का ब्रिगेड परेड ग्राउंड का इतिहास साक्षी है कि जब-जब बंगाल देश को दिशा देता है, यह मैदान बंगाल की आवाज बनता है। इस मैदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठी आवाज हिंदुस्तान में क्रांति बन गई थी और उसका नतीजा क्या हुआ, अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का खात्मा हुआ। आज यहां से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है। मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि टीएमसी ने इस रैली में आने वाले सभी लोगों को चोर कहकर गाली दी। उन्होंने कहा कि असली चोर कौन है यह बंगाल की जनता जानती है। मोदी ने कहा कि अपनी कुर्सी जाते हुए देखकर यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है।

पीएम ने रोजगार के मुद्दे पर घेरते हुए कहा कि टीएमसी सरकार ने बंगाल के युवाओं को पलायन का अभिशाप दिया है। बंगाल के युवा प्रतिभा व मेहनत में सबसे आगे हैं, लेकिन आज हालत क्या है? यहां का युवा न डिग्री ले पा रहा है और न ही उसे रोजगार मिल रहा है। पहले कांग्रेस, फिर वामपंथी और अब टीएमसी, ये लोग एक के बाद एक आते रहे और अपनी जेबें भरते रहे और बंगाल में विकास कार्य ठप रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार में नौकरियां खुलेआम बेची जा रही हैं, भर्तियों में घोटाले हो रहे हैं। अब समय आ गया है कि हालात बदलें। पीएम ने टीएमसी सरकार पर केंद्र की विभिन्न योजनाओं का नाम बदलने और इसके क्रियान्वयन में रोड़े अटकाने का भी आरोप लगाया। मोदी ने कहा



कि आप सबने देश भर में प्रधानमंत्री आवास योजना की सफलता के बारे में सुना है। गरीब परिवारों को पक्का घर मिल रहा है। लेकिन यहां क्या हुआ? योजना का नाम बदल दिया गया, लाभार्थियों की सूची में गड़बड़ की गई और जिन गरीबों को घर मिलना था वे आज भी इंतजार कर रहे हैं। केवल बिजली, पानी, सड़क, घर की बात नहीं है, टीएमसी सरकार अपनी राजनीति की वजह से आयुष्मान योजना को भी लागू नहीं कर रही है। टीएमसी को मरीजों से भी दुश्मनी है।



## बंगाल सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा, बंगाल में दो चरणों में होगा मतदान

दिल्ली/ कोलकाता : केंद्रीय चुनाव आयोग ने बंगाल सहित चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी। इस घोषणा के साथ ही इन राज्यों में चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों की तारीख़ों के बारे में बताया। पश्चिम बंगाल में इस बार मात्र दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। 2021 में बंगाल में आठ चरणों में मतदान हुआ था।

असम, केरल और पुडुचेरी में एक चरण में 9 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं तमिलनाडु में भी एक चरण में 23 अप्रैल को मतदान होगा।

इसके अलावा अलग-अलग राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर 9 अप्रैल और 23 अप्रैल को उपचुनाव होंगे।

सभी राज्यों की विधानसभा सीटों और उपचुनाव की मतगणना 4 मई को होगी। 294 सीटों वाली पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस पिछले 15 वर्षों से सत्ता में है और यहां बहुमत का आंकड़ा 148 सीटों का है। इस समय टीएमसी के पास 223 सीटें हैं। इस बार हो रहे विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ा सियासी मुक़ाबला इसी राज्य में माना जा रहा है। एक तरफ लगातार तीन बार चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली ममता बनर्जी हैं तो वहीं दूसरी तरफ अपनी पूरी ताक़त से राज्य की सत्ता हासिल करने की कोशिश में भाजपा लगी हुई है।




## फ्री स्पोकन इंग्लिश कोर्स के नए सत्र 2026 का उद्घाटन मंत्री अरुप राय ने किया।



संजय कुमार सिंह,हावड़ा : मार्च, 2026 – बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर, पश्चिम बंगाल के मंत्री अरुप राय ने रविवार, को "आइडियल एजुकेशन सेंटर" में "फ्री स्पोकन इंग्लिश कोर्स" के नए सत्र 2026 का शुभारंभ किया। मध्य हावड़ा के 511/ए, जी.टी. रोड (साउथ) हावड़ा-1 स्थित यह प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान 1999 में अपनी स्थापना के बाद से ही शैक्षणिक उत्कृष्टता का एक प्रमुख केंद्र रहा है। आयोजित समारोह में छात्रों की भारी भीड़ उमड़ी और बड़ी संख्या में छात्रों ने नामांकन कराया। "आइडियल एजुकेशन सेंटर" के संस्थापक व निदेशक मुश्ताक अहमद ने बताया, "मार्च 2023 में मंत्री अरुप राय द्वारा इस योजना की परिकल्पना की गई थी, जो तभी से उनकी देख-रेख में "आइडियल एजुकेशन सेंटर" द्वारा सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य उन छात्रों के बीच भाषाई अंतर को दूर करना है, जो अंग्रेजी में दक्षता की कमी के कारण अक्सर शैक्षणिक और व्यावसायिक क्षेत्र में चूक जाते हैं। इस योजना के तहत, छात्रों को पूरी तरह से निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, ताकि वे बेहतर संचार कौशल के साथ वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।"इस योजना की जिम्मेदारी शुरु से ही मंत्री अरुप राय द्वारा मुश्ताक अहमद को सौंपी गई है, जो इस नेक कार्य के प्रति लगातार प्रतिबद्ध रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में, मंत्री अरुप राय के निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन से, सैकड़ों छात्रों को आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार होने में मदद की जा रही है।"वहीं मंत्री अरुप राय ने अपने संबोधन में छात्रों को पूरी निष्ठा और कड़े परिश्रम के साथ पढ़ाई करने और लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने छात्रों से परिवार व राष्ट्र का गौरव बढ़ाने का आह्वान करते हुए आश्वस्त किया कि वे उनके उज्ज्वल भविष्य और शैक्षणिक सफर में सदैव हर संभव सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए तत्पर रहेंगे।इस दौरान, कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें अमित चटर्जी, अभिषेक चटर्जी, जमील अख़्तर, अरशद अली, जावेद इक़बाल, मनीषा मुखर्जी, श्री रामनाथ, इतु खान, खुर्शीद अनवर, मो. वसीम, मो. शमीम, मो. अली, अहमद अली, मो. कलीमुद्दीन, मो. सेराजुद्दीन, गोविंद, स्वेता सिंह, सोनू, तिलक दा, लिली, शंकर यादव, बप्पा दा, शौकत अली, अकबर अली शामिल थें।

## अंजनी पुत्र सेना ने युवा पीढ़ी में सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए केरल स्टोरी-2 फिल्म युवतियों को देखने के लिए प्रोत्साहित किया



अजय कुमार झा, हावड़ा : अंजनी पुत्र सेना ने युवा पीढ़ी में सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए एक खास पहल की है। संगठन ने हावड़ा शहर के अलग-अलग इलाकों की करीब 250 युवा युवती,महिलाओं के साथ एक जागरूकता फिल्म की स्क्रीनिंग का आयोजन किया। प्रोग्राम का मुख्य मकसद युवाओं को मौजूदा समाज में हो रही अलग-अलग धोखाधड़ी और लालच के बारे में चेतावनी देना था। खासकर लव जिहाद को लेकर। संगठन के फाउंडर सेक्रेटरी सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि यह प्रोग्राम युवा महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए है। उनके शब्दों में, "हमारा मकसद सिर्फ एक है - कि समाज की लड़कियां अपने भविष्य के बारे में जागरूक हों। हम यह मैसेज देना चाहते हैं ताकि वे परिवार, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों को महत्व देकर सही फैसला ले सकें।"

फिल्म देखने आईं हाउसवाइफ नीलम कुमारी प्रसाद ने कहा, "फिल्म देखने के बाद, हम समझ गए हैं कि ज़िंदगी में ज़रूरी फैसले लेने से पहले सावधान रहना कितना ज़रूरी है। युवा महिलाओं को अपनी सुरक्षा और भविष्य के बारे में और ज़्यादा जागरूक होने की ज़रूरत है।" वहीं, फिल्म देखने आई टीनेजर अंजलि गुप्ता ने कहा, "ऐसी पहल से युवतियों को सोचना आता है। समाज में कई तरह की घटनाएं हो रही हैं, इसलिए हमें सावधानी से आगे बढ़ना होगा।" आयोजकों का दावा है कि समाज के अलग-अलग लेवल पर जागरूकता लाने के लिए ऐसे प्रोग्राम आगे भी जारी रहेंगे। उनके मुताबिक, अगर युवा पीढ़ी शिक्षा, मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी को महत्व देगी, तभी एक स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

## मंत्री अरुप रॉय ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा, बंगाल में शांतिपूर्ण चुनाव मुमकिन नहीं



कौस्तभ घोष, हावड़ाः
शांतिपूर्ण चुनाव मुमकिन नहीं हैं। क्योंकि कई लोगों के नाम छूट गए हैं कई के नाम काटे गये है तो कईयों को मृत बताया गया है। राज्य मंत्री अरुप रॉय ने ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए ये बातें कहीं। बेलूर मठ आए चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने आज कहा कि इलेक्शन कमीशन डर-मुक्त और हिंसा-मुक्त चुनाव कराने के लिए पक्का इरादा रखता है। इसी को देखते हुए आज हावड़ा सदर तृणमूल कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मंत्री अरुप रॉय, सदर प्रेसिडेंट गौतम चौधरी और यूथ प्रेसिडेंट कैलाश मिश्रा मौजूद थे। एसआईआर में कई असली वोटर्स के नाम छूट गए थे। बेलूर मठ को पवित्र भूमि कहा जाता है। ज्ञानेश कुमार ने वहां खड़े होकर झूठ बोला है। इतने लोगों के नाम छूट गए हैं। असली वोटर्स के नाम छूट गए हैं तो निष्पक्ष चुनाव कैसे संभव है कैसे होगा। कई लोगों पर केस चल रहा है। ऐसे में फेयर चुनाव मुमकिन नहीं है। लोगों का वोटिंग राइट्स छीनकर कभी भी शांतिपूर्ण चुनाव मुमकिन नहीं है। इलेक्शन कमिश्नर BJP के इशारे पर काम कर रहे हैं, ऐसा तृणमूल का दावा है।

## आरएन रवि ने बंगाल के 24वें राज्यपाल के रूप में ली शपथ



सोनू कुमार झा, कोलकाता : रवींद्र नारायण रवि (आरएन रवि) ने बंगाल के 24वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल ने लोक भवन में रवि (73) को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। रवि ने हिंदी में शपथ ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके मंत्रिमंडल के कई सहयोगी सहित विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी व अन्य विशिष्ट लोग शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रहे। हालांकि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी समारोह से नदारद रहे। भारतीय खुफिया ब्यूरो (आइबी) के पूर्व प्रमुख और पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे रवि इससे पहले तमिलनाडु के राज्यपाल पद पर थे। उन्होंने बंगाल में डा सीवी आनंद बोस की जगह ली है, जिन्होंने बीते पांच मार्च को अचानक राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के कुछ देर बाद ही केंद्र सरकार ने रवि को बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया था। मूल रूप से के बिहार के पटना निवासी रवि भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) के अधिकारी रह चुके हैं।शपथ समारोह में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नए राज्यपाल रवि को शुभकामनाएं देते हुए उनसे कहा कि बंगाल उससे ही मोहब्बत करता है जो बंगाल से मोहब्बत करता है।

तीन अप्रैल 1952 को बिहार की राजधानी पटना में जन्मे रवींद्र नारायण रवि ने भौतिकी में मास्टर्स की डिग्री हासिल की है। शुरुआत में कुछ समय पत्रकारिता करने के बाद उन्होंने 1976 में भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) ज्वाइन की और उन्हें केरल कैडर मिला। रवि कोई आम पुलिस अधिकारी नहीं रहे। उन्होंने देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसियों सीबीआइ और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आइबी) में दशकों तक काम किया है। आइबी में रहते हुए वे जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर के विद्रोही गुटों और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के मामलों के सबसे बड़े विशेषज्ञ माने जाते थे। 2012 में रिटायरमेंट के बाद 2014 में उन्हें ज्वाइंट इंटेलिजेंस कमेटी का चेयरमैन बनाया गया। 2018 में उन्हें मोदी सरकार ने देश का उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी एनएसए) बनाया।



## मधुबनी के अंधराठाढ़ी गाम में भामती वाचस्पति महोत्सव–2026 के परिचर्चा सत्र का दीप प्रज्जवलित कर शुभ आरमभ किया गया

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मधुबनी में जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।



बात हिंदुस्तान की, ब्यूरो रिपोर्ट, मधुबनी जिलाधिकारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस यह संकल्प का दिन है और हम सभी संकल्प तभी ले पाएंगे जब हम सभी इतिहास में झांकेंगे। पहले कृषि प्रधान समाज में जितने बच्चे होंगे, उतना बच्चा जमीन पर कार्य करेगा। जिससे घर मे खुशहाली आयेगी। इसीलिए बच्चो को जन्म देना और पालन पोषण करना ही उद्देश्य था।

जब औद्योगिक विकास हुआ तब औद्योगिक समाज मे मशीन के द्वारा काम होने पर मशीन महिला चलाये या पुरुष उत्पादन समान ही होने लगा। नौकरीपेशा समाज मे आपकी विद्वता, आपका मैरिट महत्व रखता है। जिसके कलम में जितनी ताकत होगा, वही सक्षम है। ताकत कलम के आधार पर आ गयी तो महिला-पुरुषों में समानता आ गयी। अब यह निर्भर करता है कि कौन कितनी शिद्दत से पढ़ाई या अपने कार्यो को करता है,उसी से उसकी पहचान बनता है। वर्तमान समय मे बच्चो के पालन-पोषण का कार्य भी दोनों समान रूप से कर रहे है।

उन्होंने कहा कि उनके नजर में ऑफिसर ऑफिसर होता है महिला और पुरुष नही होता है। डॉक्टर डॉक्टर होता है महिला-पुरुष नही होता है। वकील वकील होता है, महिला-पुरुष नही होता है। आप कितने शिद्दत से अपने कार्यो को करते है यह मायने रखता है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि वे अपनी टीम के सभी पदाधिकारियों को समान रूप से कार्य पूर्ण नही होने पर डांटते है एवं समान रूप से सम्मानित भी करते है। महिला-पुरुष जैसा कोई भेद नही करते है। इसी का परिणाम है कि बिहार विधानसभा 2025 में मतदान कर्मियों की कमी को देखते हुए उनके द्वारा पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए महिला कर्मियों को निर्वाचन कार्य मे लगाया गया। जिसका सुखद परिणाम यह हुआ कि मधुबनी जिला को पहली बार देश के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस उपाधीक्षक रश्मि ने सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

## हावड़ा के घुसड़ी श्याम मंदिर में होली खेलते भक्तों की अपार भीड़

रतुल घोष, हावड़ा: होली है होली के शुभ अवसर पर हावड़ा के घुसूरी धाम श्याम मंदिर में रंगों की होली खेलते नजर आए भक्तगण। जहां हजारों की संख्या में पहुंचे श्याम भक्त श्याम के रंग में रंग नजर आए एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली मनाते दिखे वहीं फूलों की होली और सुख गुलाल की होली भी खेलते दिखे लोग।



